तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
11.03.26	एड द्वारा कार्य स्थगित अन्य कार्य में व्यस्त पुकार 01.05.26 को हो
08-05-26	पत्रावली पेश हुई। वकलाय पक्षकारान उपस्थित। हमने बहस पर उभयपक्ष अधिवक्तागण को सुना गया। बहस पर मनन किया गया। पत्रावली एवं उसमें प्रस्तुत दस्तावेजी रिकॉर्ड का भलीभाँति अवलोकन किया गया। जिससे हम इस नतीजे पर पहुंचे है कि विवादित आराजीयात के संबंध में पक्षकारान के हकों का निर्धारण दोनों में साक्ष्य व सबूतों के परीक्षण के उपरांत तथ्य गुणावगुण के आधार पर हो सकेगा। ऐसी सूरत में अनावश्यक मुकदमाबाजी नहीं बढ़े एवं कानूनी पेचीदगीयां पैदा नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। तथा न्यायालय हाजा द्वारा जारी शुदा अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 01.10.2020 को फैसला मूल वाद पुष्ट किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो तथा संलग्न मूल वाद हो। उपखण्ड अधिकारी नसावर (भरतपुर) राज.